# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 29.06.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा –स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक देश सभी क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है।
- राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 75 वर्ष विषय के साथ आज 19वां सांख्यिकी दिवस मनाया जा रहा है।
- चाथम पुल की खराब स्थिति के कारण चाथम–बम्बूफ्लाट और चाथम–डंडस प्वाइंट के बीच फेरी सेवा के लिए परामर्श जारी किया गया।
- द्वीपसमूह में भारी वर्षा के चलते कई जगहों पर जलभराव की स्थिति।

<><><><><><><>

आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक देश सभी क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। श्री मोदी ने कहा कि आज देश की जनता किसी न किसी प्रकार की सामाजिक सुरक्षा का लाभ ले रही है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की एक रिपोर्ट का उल्लेख किया, जिसमें कहा गया है कि देश की 64 प्रतिशत से ज्यादा आबादी को किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिल रहा है। श्री मोदी भारत सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने वाले दुनिया के सबसे बड़े देशों में शामिल है। प्रधानमंत्री ने विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट का भी उल्लेख किया जिसमें भारत को आंखों की बीमारी ट्रेकोमा से मुक्त घोषित किया गया है। श्री मोदी ने कहा कि इसके उन्मूलन में स्वच्छ भारत अभियान और जल जीवन मिशन से भी काफी मदद मिली है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि से देश में सामाजिक न्याय मजबूत हुआ है। श्री मोदी ने कहा कि 21 जून को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में दुनियाभर के करोड़ों लोगों ने हिस्सा लिया।

श्री मोदी ने कैलाश मानसरोवर यात्रा, अमरनाथ यात्रा और जगन्नाथ रथा यात्रा की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक– ये यात्राएं एक भारत श्रेष्ठ भारत के भाव का प्रतिबिम्ब हैं।

<><><><><><><>

आज 19वां सांख्यिकी दिवस है। यह दिवस प्रतिवर्ष प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महलानोबिस की स्मृति में मनाया जाता है जो सांख्यिकी और आर्थिक आयोजना के क्षेत्र की एक नामी हस्ती थे। इस वर्ष के सांख्यिकी दिवस का विषय है– राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 75 वर्ष। आज इस अवसर पर दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में, सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह ने कहा कि डेटा–आधारित आज के इस युग में, सांख्यिकी ही शासन का आधार है। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय–सीमा के भीतर बड़े पैमाने पर लगातार सर्वेक्षण करने से देश की सांख्यिकी प्रणाली की दक्षता मजबूत हुई है।

<><><><><><>

नागरिक आपूर्ति विभाग की ओर से अंत्योदय अन्न योजना और प्राथमिकता वाले समूह के राशन कार्ड धारकों से आधार के साथ अपने ई–केवाईसी को अपडेट करने का अनुरोध किया गया था। बार–बार अनुरोध के बावजूद, कई लाभार्थी इस निर्देश का पालन नहीं कर रहे हैं। काफी संख्या में लाभार्थी राशन कार्ड धारकों ने अभी भी अपने ई–केवाईसी अपडेट के लिए अपनी उचित मूल्य की दुकानों या आपूर्ति इकाइयों से संपर्क नहीं किया है। विभाग ने कहा है कि ऐसे सभी कार्ड धारकों के नाम तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिए जाएंगे। सभी छूटे हुए लाभार्थियों से निर्धारित तिथि के भीतर आधार संख्या के साथ अपने निकटतम उचित मूल्य की दुकान पर जाकर ई–केवाईसी प्रक्रिया को पूरा करने का अनुरोध किया गया है। नागरिक आपूर्ति निदेशालय के कमरा नंबर 20 या संबंधित आपूर्ति इकाइयों से भी संपर्क किया जा सकता है। यदि किसी वास्तविक व्यक्ति का नाम राशन कार्ड से हटा दिया गया है, तो वे अपने संबंधित इकाइयों में वैध दस्तावेजों के साथ संपर्क कर अपना ई–केवाईसी अपडेट कर सकते हैं।

<><><><><><>

चाथम पुल की खराब स्थिति के कारण जहाजरानी विभाग ने चाथम–बम्बूफ्लाट और चाथम–डंडस प्वाइंट के बीच केवल यात्रियों और दुपहिया वाहन मालिकों के लिए फेरी सेवा उपलब्ध कराई है। सरकारी विभाग के वाहनों सहित निजी तीन पहिया और चार पहिया वाले वाहनों को चाथम से फेरी सेवा इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं होगी। ऐसे वाहनों को फीनिक्स बे जेट्टी का इस्तेमाल करने को कहा गया है। बम्बूफ्लाट से फीनिक्स बे के लिए पहली फेरी सेवा सुबह छः बजे से शुरू होगी, जबकि फीनिक्स बे से सुबह सात बजे बम्बूफ्लाट के लिए फेरी सेवा उपलब्ध रहेगी। फीनिक्स बे से बम्बूफ्लाट के लिए अंतिम फेरी सेवा शाम सात बजे और बम्बूफ्लाट से फीनिक्स बे के लिए रात आठ बजे अंतिम फेरी सेवा उपलब्ध रहेगी। आपातकालीन

सेवा के वाहनों के लिए भी वाहन फेरी सेवा फीनिक्स बे से उपलब्ध रहेगी। यात्रियों को संशोधित सारणी के हिसाब से यात्रा निर्धारित करने को कहा गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

<><><><><><><>

कला और संस्कृति विभाग द्वीपसमूह से संबंधित विषयों पर एक लघु फिल्म प्रतियोगिता और साथ ही ऑनलाइन मोड के माध्यम से एक फोटो प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है। इसका उद्देश्य द्वीपसमूह के इतिहास, सौंदर्य, संस्कृति और विरासत के बारे में जागरूकता पैदा करने और संरक्षित करना है। प्राकृतिक सौंदर्य और विरासत, इतिहास, समग्र संस्कृति, वनस्पतियों, जीवों, समुद्री जैव विविधता, पर्यटन जैसे विषयों पर प्रतियोगिता केंद्रित हैं। आवेदन कल मध्यरात्रि तक की जा सकती है। सभी प्रविष्टियाँ Andaman.mygov.in पर जमा की जानी चाहिए। प्रत्येक प्रतिभागी को केवल एक प्रविष्टि जमा करने की अनुमति होगी। प्रत्येक श्रेणी में शीर्ष तीन विजेताओं को एक प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा, जबकि अंडमान निकोबार प्रशासन से पुरस्कार के साथ यूटी स्तर पर मान्यता भी दी जाएगी। प्रतियोगिता का विवरण, नियम व शर्तें अंडमान माई जी ओ वी पर देखी जा सकती हैं।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण की ओर से कल नेताजी स्टेडियम में फुटबॉल के गैर–आवासीय योजना में लड़कियों को शामिल करने के लिए चयन ट्रायल आयोजित किया जाएगा। 10 से 14 वर्ष की आयु वर्ग लड़कियां चयन ट्रायल के लिए पात्र होंगी। चयन ट्रायल में भाग लेने की इच्छुक खिलाड़ियों से कल सुबह नौ बजे आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने को कहा गया है।

<><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में शैक्षणिक वर्ष 2025–2026 के लिए विभिन्न डिग्री पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन आवेदन की कल अंतिम तिथि है। प्रवेश लेने के इच्छुक उम्मीदवार कल तक आवश्यक दस्तावेजों के साथ कॉमन कॉलेज एडमिशन पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान द्वीप में भारी से बहुत भारी वर्षा के समाचार मिले हैं। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक लांग आइलैंड में एक सौ बयालीस दशमलव एक मिलीमीटर, श्री विजयपुरम में एक सौ सोलह दशमलव दो, मायाबंदर में अट्ठानब्बे दशमलव छः, हटबे में छब्बीस दशमलव चार, कार निकोबार और वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में नौ–नौ मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। भारी वर्षा के कारण श्री विजयपुरम और आस–पास के क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिसके कारण परिवहन सेवा बाधित हुई है। कल के लिए मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के एकाध भागों में वर्षा होगी।

<><><><><><><>